कुरुक्षेत्र के संस्कृत साहित्यकारों की पाण्डुलिपियों का

सर्वेक्षणात्मक अध्ययन

(KURUKṢETRA KE SAṀSKṚTA SĀHITYAKĀROṀ KĪ PĀṆḌULIPIYOṀ KĀ SRVEKṢAṆĀTMAKA ADHYAYANA)

MASTER OF PHILOSOPHY

उपाधि हेतु प्रस्तुत लघुशोधप्रबन्ध

शोधनिर्देशक

डॉ. सुधीर कुमार

शोधार्थी

सतीश कुमार

.

विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

नई दिल्ली-110067

2016

विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र

जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय

नई दिल्ली- 110067

Date 25.7.16

सोमवार

CERTIFICATE

This Dissertation entitled **"कुरुक्षेत्र के संस्कृत विद्वानों की पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षणात्मक अध्ययन"** Submitted by Satish Kumar to Special Centre for Sanskrit Studies, Jawaharlal Nehru University, New Delhi-110067 for award of degree of Master of Philosophy (M.Phil.) is an original work and has not been submitted so far or in full, for any other drgree or diploma of any university or institution. This may be placed the examiner for evaluation of award of the degree of Master of Philosophy.

PROF. GIRISH NATH JHA

(CHAIRPERSION)

PROF. GIRISH NATH JHA
Chairperson
Special Centre for Sanskrit Studies
Jawaharlal Nehru University
New Delhi-110067, INDIA

DR. SUDHIR KUMAR

(SUPERVISOR)

Dr. Sudhir Kumar
Associate Professor
Special Centre for Sanskrit Studies
Jawaharlal Nehru University
New Delhi-110067

विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र

जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय

नई दिल्ली- 110067

DECLARATION

I declare that the dissertation entitled **"कुरुक्षेत्र के संस्कृत विद्वानों की पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षणात्मक अध्ययन"** submitted by me for the award of degree of MASTER OF PHILOSOPHY, is an original research work and has not been submitted so far in part or in full, for any other degree or diploma in any other institute or university.

SATISH KUMAR

Research Student

Special Centre for Sanskrit Studies

Jawaharlal Nehru University

New Delhi-110067

विषयानुक्रमणिका

कृतज्ञता ज्ञापन।

संकेताक्षरसूची।

प्रथम अध्याय :-

हरियाणा प्रदेश का परिचय एवं कुरुक्षेत्र जनपद की सारस्वत पृष्ठभूमि। **1-20**

1.1 हरियाणा प्रदेश का नामकरण। 1-5

1.2 कुरुक्षेत्र जनपद का नामकरण। 5-6

1.3 हरियाणा प्रदेश के मण्डल। 6-7

1.3.1 अम्बाला मण्ड़ल की सारस्वत पृष्ठभूमि। 7-12

1.3.2 रोहतक मण्ड़ल की सारस्वत पृष्ठभूमि। 12-16

1.3.3 हिसार मण्ड़ल की सारस्वत पृष्ठभूमि। 16-17

1.3.4 गुडगाँव मण्ड़ल की सारस्वत पृष्ठभूमि। 17-19

1.4 पाण्डुलिपि का अर्थ 19-20

द्वितीय अध्याय :-

वैदिक साहित्य का परिचय एवं कुरुक्षेत्र जनपद में उपलब्ध पाण्डुलिपियाँ। **21-67**

2.1 वेद का अर्थ एवं परिचय। 21-23

2.1.1 वेद की पाण्डुलिपियाँ। 23-30

2.2 वेदाङ्ग का अर्थ एवं परिचय। 30-32

2.2.1 वेदाङ्ग की पाण्डुलिपियाँ। 32-55

2.3 आयुर्वेद का अर्थ एवं परिचय। 55-57

2.3.1 आयुर्वेद की पाण्डुलिपियाँ। 57-67

तृतीय अध्याय :-

लौकिक साहित्य का परिचय एवं कुरुक्षेत्र जनपद में उपलब्ध पाण्डुलिपियाँ। 68-88

3.1 साहित्य का अर्थ एवं परिचय। 68-70

3.2 साहित्य की पाण्डुलिपियाँ। 70-88

चतुर्थ अध्याय :-

दर्शनशास्त्र का परिचय एवं कुरुक्षेत्र जनपद में उपलब्ध पाण्डुलिपियाँ। 89-107

4.1 दर्शन का अर्थ एवं परिचय। 89-90

4.2 दर्शन की पाण्डुलिपियाँ। 90-95

4.3 विविध विषयक पाण्डुलिपियाँ। 95-107

उपसंहार। 108-110

परिशिष्ट। सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची।

संकेताक्षर सूची :-

ऋ.	ऋग्वेद।
का.	कादम्बरी।
का.मी.	काव्यमीमांसा।
च.सं.	चरक संहिता।
पा. शि.	पाणिनीयशिक्षा।
भा. पु.	भागवत पुराण।
भा.द.	भारतीय दर्शन।
तै.सं.	तैत्तिरीय संहिता।
मु.उप.	मुण्डकोपनिषद्।
म. स्मृ.	मनुस्मृति।
सु. सं.	सुश्रुत संहिता।
सं सा.ह.यो.	संस्कृत साहित्य को हरियाणा का योगदान।
श्री. गी.	श्रीमद्भगवद्गीता।
वा.	वामनपुराण।
वा.	वायुपुराण।
वे.र.	वेद रहस्य।

वै. सा. सं.	वैदिक साहित्य एवं संस्कृति।
वै.वा.इति.	वैदिक वाङ्गमय का इतिहास।
वै.चि.धा.	वैदिक चिन्तन की धाराएँ।
ह.च.	हर्षचरित।
ह. अ.	हमारे अतीत।
ह. सां. वि.	हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत।
ह.सं.क.	हरियाणा : संस्कृति एवं कला।
ह. पु.सं.स.लो.	हरियाणा : पुरातत्त्व, संस्कृति, साहित्य एवं लोकवार्ता।

प्रथम अध्याय

1.1 हरियाणा प्रदेश का नामकरण :-

भारतवर्ष का प्राचीन इतिहास, संस्कृति और परम्पराएँ मुख्यतः देववाणी संस्कृत भाषा में समुपलब्ध होती हैं। यह स्वीकार किया जाता है कि संस्कृत साहित्य के अखण्ड़ भण्ड़ार के एक विस्तृत एवं महत्वपूर्ण भाग की रचना भारतवर्ष के हरियाणा प्रान्त में हुई थी। 'हरियाणा प्रदेश' साक्षात् यौधेयपरम्परा, सम्पन्नता एवं ज्ञानपरम्परा का मुख्य केन्द्रबिन्दु रहा है। विद्वानों के लिए यह विचारणीय विषय है कि 'हरियाणा' शब्द कब अस्तित्व में आया, परन्तु इसमें किञ्चित् भी सन्देह नहीं है कि वैदिक काल से ही हमें हरियाणा प्रदेश की विद्वत्परम्परा, सांस्कृतिक सम्पन्नता, आर्थिक प्रभुता के साक्ष्य समुपलब्ध होते हैं, जिससे यह स्वीकार करने में कोई सन्देह नहीं है कि यह प्रदेश वैदिक संस्कृति का मुख्य केन्द्र रहा है। वेदों की प्रामाणिकता स्वीकार करने वाले विद्वान् यह स्वीकार करते हैं कि वेदों में लौकिक इतिहास नहीं है परन्तु वेदों में उपलब्ध विविध नामों के आधार पर विद्वानों ने विविध साधनों, प्रदेशों, नदियों का नामकरण किया।

हरियाणा प्रदेश का नामकरण कैसे हुआ ? इस सम्बन्ध में अनेक साक्ष्य ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं, कई हजार वर्ष पूर्व ही इस क्षेत्र का नामकरण हो चुका था। हरियाणा प्रदेश पंजाब प्रान्त से अलग होकर सन् 1966 में अलग राज्य बना तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हरियाणा इससे पहले नहीं था। एक विस्तृत भू-भाग को प्राचीन काल में हरियाणा कहते थे। धरनीधर नामक विद्वान् के कहा है कि-

"पालम्ब ग्रामपूर्वे तु कुशुम्भ ग्रामपश्चिमे।

हरिबाणक भूरेषा सर्वस्यादिवद्विनी"॥[1]

[1] . *हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत*, पृ.-7

अर्थात् पालम (दिल्ली) से लेकर कुसंभ (कोहन, पटियाला) गाँव तक हरियाणा का विस्तार था। दिल्ली का भाग भी इसमें आता था। दूसरी ओर यमुना नदी इसकी सीमाओं का निर्धारण करती थी।

हरियाणा शब्द की व्युत्पत्ति 'हरि' अथवा 'हर' तथा 'यान' शब्दों के योग से हुई है। इस प्रकार इसका अर्थ हुआ- हरि या हर का यान। स्पष्ट है कि प्राचीन काल में इस भू-भाग में, लोग देव उपास्य होने के कारण, हरि (विष्णु) अथवा हर (शिव) का भक्ति-यान विचरता होगा। संभवतः इसी कारण इस क्षेत्र का नाम 'हरियाना' अथवा 'हरयाना' पड़ा, जो कालान्तर में 'हरियाणा' अथवा 'हरयाणा' हो गया। हिसार जिला की ***"बन्दोबस्त रिपोर्ट"*** के अनुसार लोक विश्वास एवं किंवदन्तियों के आधार पर 'हरियाणा' शब्द की व्युत्पत्ति के तीन कारक स्वीकार किए जाते हैं-

क. हरि के अवतार परशुराम के द्वारा क्षत्रियों के प्राण हरणे की भूमि।

ख. अयोध्या के राजा हरिश्चन्द्र के इस प्रान्त में परिभ्रमणार्थ आकर जंगलों को आबाद करने से इसका नाम हरिआना > हरियाना > हरियाणा बना।

ग. महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण और उनकी सेना सर्वप्रथम इसी प्रदेश में आने के कारण यह हरिआना > हरियाना > हरियाणा कहलाया।[2]

स्वामी ओमानन्द सरस्वती जी ने 'हरियाणा' नामकरण का प्रादुर्भाव ऋग्वेद में स्वीकार किया है **"ऋजमुक्षण्यायने रजतं हरयाणे।रथं युक्तमसनास सुषामणि"॥**[3] यहाँ पर यह शब्द राजा के विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है। जिसका अर्थ है- सदा यान चलता रहता है जिसका। उस काल में 'यान' शब्द रथ आदि वाहनों के लिए प्रयुक्त होता था। महर्षि मनु ने ***"मनुस्मृति"*** में जो 'ब्रह्मावर्त' प्रदेश कहा है वह भी इसी भूभाग को इंगित करता है। यह प्रदेश सरस्वती एवं दृषद्वती (घग्घर) इन दो नदियों के मध्य स्थित है – **"सरस्वतीदृषद्वत्योर्देवनद्योर्यदन्तरम्।तं देवनिर्मितं देशं ब्रह्मावर्त प्रचक्षते"॥**[4]

---

[2] . *बन्दोबस्त रिपोर्ट*, पृ.-4

[3] . *ऋग्वेद*, 6/2/25/2

[4] . *मनुस्मृति*, 2/17

पंडित गिरीशचन्द्र अवस्थी ने **'हरियाणे नित्यकालमेवाभिप्रस्थितयानम्'** कहकर यह सिद्ध किया है कि जिस राजा का सदैव रथ चलता रहता था, इससे उस राजा का नाम 'हरयाण' पड़ गया।[5] कालांतर में 'हरयाण' राजा के नाम पर इस प्रदेश का नाम 'हरयाण' पड़ा, जो बाद में 'हरियाणा' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। दिल्ली के पास स्थित 'सारबन' नामक गाँव से 14वीं शताब्दी के अन्तिम भाग का एक शिलालेख दिल्ली संग्रहालय में रखा है। इसमें महुम्मद बिन तुगलक कालीन शिलालेख के तृतीय श्लोक में स्पष्ट रूप से हरियाणा देश को पृथ्वी पर 'स्वर्ग के समान' बताया गया है और यहाँ की ढिल्लिका (दिल्ली) नामक पुरी तोमरवंश द्वारा निर्मित बताई गई है-**"देशोऽस्ति हरियानाख्यः पृथिव्यां स्वर्गसन्निभः। ढिल्लिकाख्या पुरी तत्र तोमरैरस्ति निर्मिता"॥**[6]

दिल्ली के पालम गाँव के तालाब से संवत् 1337 का अर्थात् उपरोक्त शिलालेख से 47 वर्ष पुराना शिलालेख मिला है। बलबन कालीन इस शिलालेख में 'हरियाणा' के लिए 'हरियानक' शब्द का प्रयोग किया गया है-**"अभोजितोभरैरादौ चौहाणैस्तदनन्तरम्।हरियानक भूरेषा शकेन्द्रैः शास्यतेऽधुना"॥**[7] अर्थात् 'हरियानक देश' पर प्रारम्भ में तोमरों ने और बाद में चौहानों ने राज किया तथा अब शक इस पर शासन कर रहे हैं। इससे यह ज्ञात होता है कि हरियाणा शब्द 'हरियानक' का परिवर्तित रूप है।

सरस्वती सिंचित हरियाणा प्रदेश पुरातन समय में हरियाली एवं धनधान्य से परिपूर्ण रहा होगा। इसका नाम 'हरिधान्यक' और 'बहुधान्यक' भी प्राप्त होता है। हरिधान्यक का अर्थ है- 'हरितिमा एवं धनधान्य से भरा हुआ' तथा बहुधान्यक का अर्थ है- 'अत्यधिक धनधान्य वाला'। इस प्रकार पं. राहुल सांकृत्यायन ने कहा है कि 'हरिधान्यक' शब्द अपभ्रंशित होकर हरिहानक > हरिआन > हरियान > हरियाना > हरियाणा बना है।[8]

---

[5] . *हरियाणा : संस्कृति एवं कला*, पृ. 2

[6] . *हरियाणा : संस्कृति एवं कला*, पृ. 3

[7] . *हरियाणा : संस्कृति एवं कला, पृ. 3*

[8] .*हरियाणा : पुरातत्त्व, इतिहास, संस्कृति, साहित्य एवं लोकवार्ता*, पृ.-59

कवि श्रीधर रचित पार्श्वनाथ चरित पुराण के उद्धरण से ज्ञात होता है कि हरियाणा की प्रसिद्ध नगरी दिल्ली थी-**"हरियाणए देसे असंख गामे गामियाणा, जणि अववरय काम परचक्क विहट्टणु सिरि संघट्टणु जो सुखैणा परिगणयं।रिउरुति रावट्टणु विउलु पवट्टणु दिल्ली नामेण जिमिणियं।जहिं असिवर तोडिउ रिउ कपालु। णरणाहु प्रसिद्धं अणंभ वालु,णिरुदलवाडुंय हम्मीर वीरु बंहियण विदं पवियण्य वीरु"॥**[9]

जैनकवि पुष्पदन्त ने 'हरियाणा' शब्द का उल्लेख अपने ग्रन्थ ***"महापुराण"*** में किया है कि **'अखलिअ परिपालिअ हरियाणाअ'**।इस प्रदेश में कई विस्तृत हरियाली युक्त वन थे, इनमें से 'हरिया वन' नामक प्रसिद्ध विशाल जंगल था। जब इस जंगल को काटकर लोग बसे लगे, तो इस प्रदेश को 'हरियावन' कहने लगे, जो कालान्तर में हरियाअन > हरियान > हरियाना > हरियाणा बन गया।[10] डॉ. ओमप्रकाश भारद्वाज ने अपने लेख `***Vedic sites of Haryana'*** में लिखा है कि- **"Haryana is grographically conteriminous with the ancient land of Kurushtera which had the region of Srughna (Sugh) or present Jagadhari as its northern portion, Khandara or Delhi in the South, the raarus or the desert of Rajputana in the west and the valley of the Ghaggar vedic Saraswati in the north.**

The heartland of Haryana, the tract bounded by the Sasaswati and the Drishadwati or the Ghaggar and the river bed which the Western Yamuna canal now the famous law book of Manu designated it Brahmavarta.''[11]

हरियाणा प्रदेश की पावन धरती योगियों की तपोभूमि, तपस्वियों की तपोभूमि एवं कवियों की काव्यभूमि भी रही है। सरस्वती नदी का प्रवाह इस धरा पर कभी नहीं रुका। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हरियाणा प्रदेश को 1 नवम्बर 1966 को स्वतन्त्र राज्य बनाया गया, इससे पहले यह प्रदेश पंजाब के अन्तर्गत आता था। सीमांकन के विषय में यही कहना अधिक सार्थक होगा कि सरस्वती तथा दृषद्वती नदियों के मध्य का क्षेत्र प्राचीन हरियाणा का प्रमुख क्षेत्र है। इसी क्षेत्र में वैदिक एवं प्राचीन साहित्य की रचना हुई।

---

[9] . *संस्कृत में हरियाणा का योगदान*, पृ.-7

[10] . *Haryana Wikipediya*

[11] . *संस्कृत साहित्य को हरियाणा का योगदान, पृ.*-11

हरियाणा के नामकरण के साथ-साथ हरियाणा के तत्कालीन वन, नदी, पर्वत, देश, स्थान आदि पर भी संक्षेप में विचार करना आवश्यक है। ***"वामनपुराण"*** के अनुसार सात पवित्र वनों का नाम उल्लेख किया गया है जो कुरुक्षेत्र में हैं- **"काम्यकं च वनं पुण्यं तथाऽदिति वनं महत्। व्यासस्य च वनं पुण्यं फलकी वनमेव च॥ तत्र सूर्य वनं स्थानं तथा मधुवनं महत्। पुण्य शीतवनं नाम सर्व कल्मष नाशनम्"॥**[12] ***"वामनपुराण"*** में ही कुरुक्षेत्र प्रदेश की नौ नदियों का नामोल्लेख इस प्रकार किया गया है-**"सरस्वती नदी पुण्य तथा वैतरणी नदी। अपगा च महापुण्य, गंगा मंदाकिनी नदी,मधुस्रुवा, वासुनदी, कौशिकी पापनाशिनी,दृषद्वती महापुण्य तथा हिरण्यवती नदी"॥**[13] नदियों एवं वनों के नामों के साथ-साथ हरियाणा के अनेक स्थानों के नाम भी वैदिक साहित्य भरपूर मात्रा में उपलब्ध होते हैं।

1.1 कुरुक्षेत्र जनपद का नामकरण-

हरियाणा प्रान्त के 21 जनपदों में कुरुक्षेत्र जनपद का विशेष महत्त्व प्राचीन काल से रहा है, नूतन प्रदेश बनने के समय कुरुक्षेत्र जनपद के अन्तर्गत कैथल, करनाल, जीन्द एवं पानीपत के क्षेत्र आते थे। इसका क्षेत्र 48 कोस में विस्तृत था। कुरुक्षेत्र जनपद का भी एक विशेष इतिहास रहा है। इस जनपद की धरा पर महाभारत का युद्ध हुआ तथा मध्यकालीन भारत में पानीपत के तीनों युद्ध इसी धरा पर लड़े गए। ***"श्रीमद्भगवद्गीता"*** के प्रथम श्लोक में इस जनपद को धर्मक्षेत्र कहा गया है- **"धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः। मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत सञ्जय"॥**[14] ***"श्रीमद्भागवत्"*** के 22वें अध्याय में एक कथा है कि महाराज संवरण की रानी तप्ती के गर्भ से कुरु नामक राजा का जन्म हुआ। कुरु ने पुरु राजाओं के नाम को बहुत उज्ज्वल किया। कालान्तर में पुरुवंश का नाम 'कौरव' पड़ गया। जरावस्था में महाराज कुरु ने न केवल समस्त पृथ्वी का भ्रमण किया प्रत्युत सरस्वती में स्नान कर महादेव के वृषभ तथा धर्मराज के पाण्डुक महिष को हल में जोतकर पृथ्वी को जोता। भगवान् विष्णु ने कुरु की परीक्षा ली और उस जोते गए स्थान को इच्छानुसार **'धर्मक्षेत्र'** का नाम दिया-**"यावदेतन्मया कृष्ट धर्मक्षेत्रं तदस्तुवः।**

---

[12] . *वामनपुराण,* 34/4-5

[13] . *वामनपुराण*, 34/6-8

[14] . *श्रीमद्भागवद्गीता, 1/1*

स्नातानां च मृतानां च महापुण्य फलं त्विह॥उपवासश्च दानं च स्नानं जाप्यं च माधव। होमयज्ञादिकं चान्यच्छुभं वाऽप्यशुभं विभो॥ त्वत्प्रसादाद्धृषिकेश शंखचक्रगदाधर। अक्षयं प्रवरे क्षेत्रे भवत्वत्र महाफलम्॥

तथा भवान् सुरैः सार्द्ध सभं देवेन शूत्मिना।वसात्र पुण्डरी काक्ष मन्नाभव्यञ्चकेऽच्युत"॥[15] अर्थात्- हे माधव! जितनी दूरी पर्यन्त इस क्षेत्र में मैंने हल चलाया है, उतनी दूरी तक यह 'धर्मक्षेत्र' हो जाए। यहाँ स्नान करने वालों को महापुण्य नामक फल मिले। आपकी कृपा से यहाँ उपवास, व्रत, दान, जप, स्नान, हवन और यज्ञादि शुभ कर्म और अशुभ कर्म भी अक्षय हो। हे पुण्डरीकाक्ष! आप सर्व देवताओं सहित इस स्थान में निवास करें। भगवान् ने 'ऐसा ही हो' कहकर कुरु को आशीर्वाद दिया और तदन्तर यह क्षेत्र 'कुरुक्षेत्र' नाम से कहा जाने लगा। मनु ने ब्रह्मावर्त/कुरुक्षेत्र का सीमांकन करते हुए लिखा है कि-**"सरस्वती दृष्द्वत्योर्देवनद्योर्यन्दन्तरम्। तं देवनिर्मितं देशं ब्रह्मावर्तं प्रचक्षते॥ तस्मिन् देशे य आचारः पारम्पर्यक्रमागतः। वर्णानां सान्तरालानां स सदाचार उच्यते॥ कुरुक्षेत्रं च मत्स्याश्च पञ्चात्माः शूरसेनकाः। एष ब्रह्मर्षिदेशो वै ब्रह्मावर्तादनन्तरः"॥**[16] मनु ब्रह्मावर्त को मध्यदेश स्वीकार किया है-**"एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः। स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥ हिमवद्विन्ध्ययोर्मध्यं यत्प्राग्विनशनादपि।प्रत्यगेव प्रयागच्च मध्यदेशः प्रकीर्तितः"॥**[17] अर्थात् हिमालय पर्वत और विन्ध्याचल पर्वत के मध्य विनशन से पूर्व और प्रयाग के पश्चिम में मध्य देश कहलाता है।

1.2 हरियाणा प्रदेश के मण्ड़ल –

पंजाब प्रान्त से अलग राज्य बनने पर हरियाणा के जिलों को मण्ड़ल एवं उपमण्ड़लों में विभाजित किया गया। वर्तमान समय में हरियाणा प्रान्त के 21 जनपदों को 4 मण्डलों में विभक्त किया गया। ये चार मण्ड़ल हैं- अम्बाला मण्ड़ल, रोहतक मण्ड़ल, हिसार मण्ड़ल एवं गुडगाँव मण्ड़ल।

---

[15] . *वायुपुराण,* 22/33-36

[16] . *मनुस्मृति*, 2/17-19

[17] . *मनुस्मृति*, 2/20-21

क्रमांक संख्या	मण्ड़ल का नाम	जनपदों का नाम
1.	अम्बाला	अम्बाला, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, पंचकुला, कैथल।
2.	रोहतक	रोहतक, पानीपत, करनाल, झज्जर, सोनीपत।
3.	हिसार	हिसार, जीन्द, भिवानी, फतेहाबाद, सिरसा।
4.	गुड़गाँव	गुड़गाँव, फरीदाबाद, पलवल, मेवात, रेवाड़ी एवं महेन्द्रगढ़।

1.2.1 अम्बाला मण्ड़ल की सारस्वत पृष्ठभूमि :-

अम्बाला– हरियाणा प्रान्त के मण्ड़लों में यह प्रथम मण्ड़ल है। संस्कृत साहित्य के योगदान में इसका विशेष स्थान रहा है। प्राचीन समय से ही इस धरा पर विद्वानों का जन्म हुआ है। यह पर उत्पन्न हुए विद्वानों का संक्षिप्त जीवन परिचय एवं रचनाओं का वर्णन अधोलिखित है[18]-

हर्षवर्धन- हर्षवर्धन स्थाण्वीश्वर (थानसेर), जिला कुरुक्षेत्र के महाराजा प्रभाकरवर्धन के कनिष्ठ पुत्र थे जो कि अपने पिता एवं ज्येष्ठ भ्राता युवराज राज्यवर्धन की मृत्यु के पश्चात् राजा बने। इनका स्थितिकाल 600 ई. से 648 ई. है। राजा हर्षवर्धन जहाँ महान् योद्धा थे, वहीं वे विद्वत्प्रेमी, विद्याव्यसनी तथा स्वयं अद्वितीय विद्वान् एवं कवि भी थे। उनकी रचनाएँ अधोनिर्दिष्ट हैं- ***रत्नावली, प्रियदर्शिका, नागानन्दम्।*** इनकी दो ओर रचनाएँ ***'अष्टमहाश्रीचैत्यस्तोत्र'*** तथा '***सुप्रभातस्तोत्र'*** मानी जाती है।

बाणभट्ट– विश्व को सुन्दरतम गद्यकाव्य देने का श्रेय बाणभट्ट को है। बाणभट्ट राजा हर्षवर्धन की सभा के कवि थे। अतः उनका समय 7वीं शता. स्वीकार किया जाता है। बाणभट्ट की निम्नलिखित रचनाएँ हैं ***हर्षचरितम्, कादम्बरी, चण्डीशतकम्, पार्वतीपरिणयम् एवं मुकुटताडितम्।***

[18] . *हरियाणा की संस्कृत साधना*

मयूर कवि– यह महारज हर्षवर्धन की सभा में कविरत्न थे। अतः इनका समय सातवीं शताब्दी है। राजशेखर ने मयूर के विषय में अपने ग्रन्थ ***काव्यमींमासा*** में कहा है कि- **"अहो प्रभावो वाग्देवया यन्मातङ्गदिवाकरः। श्रीहर्षस्याभवद् सभ्यः समो बाणमयूरयोः"॥**[19]

यह स्वीकार किया जाता है कि ये बाणभट्ट के सम्बन्धी थे। परन्तु महाकवि बाण ने हर्षचरित में मयूर को बचपन का साथी बताते हुए लिखा है कि **"मयूर उनका जांगलिक मायूरक नाम साथी है"।**[20] इनकी दो रचनाएँ प्रसिद्ध हैं- ***सूर्यशतक एवं मयूराष्टक।***

पुलिन्दभट्ट या भूषणभट्ट- यह महाकवि बाणभट्ट के पुत्र थे। अतः उनका समय सातवीं शताब्दी है। ***'कादम्बरी'*** को पूर्ण करने का श्रेय पुलिन्दभट्ट को है जिससे यह कहा जा सकता है कि वे अपने पिता की भाँति ही विद्वान् तथा श्रेष्ठ गद्यकार थे। ***कादम्बरी*** के उत्तरार्द्ध में कवि ने कहा है कि- **"याते दिवं पितरि तद्वचसैव सार्धं विच्छेदमाप भुवि यस्तु कथाप्रबन्धः। दुःखं तदेतदखिलं सुधियां विलोक्य प्रारब्ध एष तु मया न कवित्वदर्पात्"॥**[21]

भिक्षाराम शास्त्री- इनका जन्म 1910 ई. में गाँव बारणा जिला कुरुक्षेत्र में हुआ था। शास्त्री जी दर्शनशास्त्रमर्मज्ञ एवं कवि थे तथा वैयाकरण भी थे। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***जवाहरजीवनचरितम्, गान्धिचरितम्, मदनमोहनमालवीयचरितम्, विष्णुस्तोत्रम्, मातृदशकम् एवं वेदान्तचम्पू।*** इनका ग्रन्थ ***'वेदानां सर्वं वादित्वम्'*** अप्रतिम वैदुष्य की परिचायक रचना है।

रामचन्द्र सरस्वती- इनका जन्म 1915 ई. में कुरुक्षेत्र में हुआ। इनकी एकमात्र काव्यकृति प्राप्त होती है – ***कुरुक्षेत्रमाहात्मयम्।***

पं श्रीधर- पं श्रीधर जी का जन्म विक्रमी संवत् 1900 में गाँव डासना, कुरुक्षेत्र में हुआ। पं जी ने ***श्रीमद्भागवत पर वैदुष्यपूर्ण संस्कृत टीका*** लिखी है।

पण्डित स्थाणु दत्त शास्त्री- पं स्थाणुदत्त शास्त्री जी का जन्म थानेसर, कुरुक्षेत्र में सन् 1873 ई. में हुआ। इनके पिता जी का नाम श्री रामचन्द्र शर्मा तथा माता जी का नाम गोमती देवी था। इन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा पं गरुडध्वज से प्राप्त की तत्पश्चात् ये श्री हरियाणा शेखावटी

---

[19] . *काव्यमींमासा*

[20] . हर्षचरित, प्र.उ. पृ. -91

[21] . *कादम्बरी,* उत्तरार्द्ध.

ब्रह्माचर्याश्रम भिवानी में श्री सीताराम शास्त्री से पढ़े, पंजाब विश्वविद्यालय से इन्होंने शास्त्री की परीक्षा उत्तीर्ण की। पं स्थाणुदत्त शास्त्री जी ने पाण्डुलिपि संग्रह में अपना विशेष योगदान दिया। उन्होंने घूम-घूमकर लगभग 5000 दुर्लभ पाण्डुलिपियों का संग्रह किया और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को सौंप दिया। पं शास्त्री जी वैदिक साहित्य के भी प्रकाण्ड विद्वान् थे।

चण्डीदास- इनका जन्म 1805 ई. में पुण्डरी नगर, जिला कैथल में हुआ। इनक अधिकांश समय कैथल, पटियाला व जम्मू के राजाओं के आश्रय में व्यतीत हुआ। ये अनेक भाषाओं को जानते थे। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***राधासुन्दरभक्तिबोध, रामप्रतापोदयकाव्य, देविकालहरी, त्रिपुटाष्टक, अन्योक्तिजलधि*** आदि। पं गंगादत्त शास्त्री 'विनोद' ने 'नव्य चण्डीदास ग्रन्थावली' प्रकाशित कराई, जिसमें उन्होंने चण्डीदास की 11 रचनाओं का संकलन किया था।

माधवाचार्य– श्रीमाधवाचार्य का जन्म 1897 ई. में कौल (कैथल) में हुआ। इन्होंने श्रीरामानुज संस्कृतविद्यालय, दिल्ली में रहकर तथा श्री इन्द्रिरारमणाचार्य जी के शिष्य बनकर शिक्षा प्राप्त की, लाहौर से इन्होंने शास्त्री की परीक्षा उत्तीर्ण की। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ है- ***टुडेस्मृति, कबीरचरितम्, कथाशतकम् एवं श्रीजयरामब्रह्मचारिणो जीवनचरितम्।***

बालकृष्ण भारद्वाज- श्री बालकृष्ण भारद्वाज का जन्म 1921 ई. में क्योड़क गाँव के कैथल जिले में हुआ। ये सोलह वर्ष तक अनपढ़ ही रहे। 1944 ई. में सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय, लाहौर से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***कुरुक्षेत्र परिचय, शारदामणिलीलाचरितम्*** एवं ***रामकृष्णपरमहंसदिव्यचरितम्।***

श्री प्रेमाचार्य शास्त्री– शास्त्री जी का जन्मस्थान कौल है। इन्होंने अपने पिता श्री माधवाचार्य द्वारा रचितग्रन्थ ***'परतत्त्वदिग्दर्शनम्'*** के अन्तिम में ***'परतत्त्व विषयक भ्रान्तिनिरसनात्मक'*** नामक एक परिशिष्ट लिखा है। जिसमें 111 श्लोक विभिन्न छन्दों में हैं।

विद्याधर धस्माना– इनका जन्म 22 अप्रैल 1931 ई. में हुआ। विद्याधर जी की कर्मभूमि अम्बाला रही है। इन्होंने निम्नलिखित रचनाओं से शारदा की उपासना की है- ***मुक्तकमञ्जरम्, पाञ्चजन्यम् एवं संसारह्रासः।*** इनके काव्य में छायावाद का प्रभाव प्रत्यक्ष पड़ता है।

रेशमानन्द शास्त्री- शास्त्री जी का जन्म 8 मई 1935 ई. में खानपुर,जिला अम्बाला में हुआ। ये हरियाणा शिक्षाविभाग में संस्कृत शिक्षक व प्रवक्ता रहे हैं। शास्त्री जी की एकमात्र कृति है *'गुरुनानकदेवचरितम्।*

डॉ. सुरेन्द्र आयुर्वेदालंकार- इनका जन्म स्थान सढ़ौरा, अम्बाला है। इनकी एकमात्र रचना है– *ओंकारसहस्रनामस्तोत्रम्।*

पं जयदेव शर्मा विद्यालंकार- चारों वेदों के भाष्यकार पं. जयदेव शर्मा जी का जन्म 1892 ई में अम्बाला जिले के एक गाँव में श्री मुन्शी राम के घर पर हुआ था। इन्होंने अपना अध्ययन स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती के समीप रहकर गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय में किया। शर्मा जी के लेखन का क्षेत्र मुख्यतः वेद ही रहा है। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***ऋग्वेद भाषा भाष्य*** (7भाग), ***यजुर्वेद भाषाभाष्य*** (2भाग), ***सामवेद भाषाभाष्य, अथर्ववेद भाषा भाष्य*** (4भाग), ***माधवानुक्रमणी, ईशोपनिषद् भाषाभाष्य, यमयमी सूक्तव्याख्या, अथर्ववेद और जादू टोना*** आदि।

पं देवदत्त शास्त्री- इनका जन्म 25 अगस्त् 1924 ई. को गाँव केसरी, जिला अम्बाला में हुआ। शास्त्री जी ने म. म. परमेश्वरानन्द तथा म. म. गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी जी से शिक्षाग्रहण की। इनकी रचनाएँ निम्नलिखित है- ***न्यायसिद्धान्तमुक्तावलीकुंचिका, काव्यप्रकाशरहस्य, महाभाष्यदीपिका*** तथा ***वेदेषु गणितविज्ञानम्*** इस शोधग्रन्थ की रचना की।

डॉ. सत्यकाम वर्मा- वर्मा जी का जन्म 1926 ई. में अम्बाला छावनी में श्री विद्याधर विद्यालंकार के घर हुआ। इन्होंने गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय से 1946 ई. में आयुर्वेदालंकार की उपाधि ग्रहण की तथा इसी विश्वविद्यालय से संस्कृत एवं हिन्दी में एम. ए. की परीक्षा उतीर्ण की और दिल्ली विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। ये भाषाविज्ञान एवं व्याकरण शास्त्र के प्रकाण्ड विद्वान् थे। इनकी रचनाएँ निम्नलिखित हैं- ***वाक्यपदीय का भाषातात्त्विक विवेचन, संस्कृत व्याकरण का उद्भव एवं विकास, वेदवाटिका, वेदसुमन, वाक्यपदीय ब्रह्मकाण्ड*** (त्रिभाषी टीकाएँ) आदि।

सत्यदेव वर्मा- वर्मा जी का जन्म 6 दिसम्बर 1918 को यमुनानगर जनपद के अलाहर गाँव में हुआ। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा रावलपिण्डी के गुरुकुल पाटोदार में हुई। पंजाब विश्वविद्यालय,

लाहौर से संस्कृत एवं हिन्दी विषय से एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्मा जी द्वारा रचित निम्निलिखत रचनाएँ हैं- ***श्रीशिवराजस्य जयसिंहं प्रति प्रेषितं पत्रम्, संस्कृतवर्णमाला, शिवसमाधिरूपकम्, श्रीधर्मसंहिता, इन्द्रशेखरकम्, हेडगेवारजीवनचरितम्*** आदि। इनमें ***हेडगवारजीवनचरितम्*** महाकाव्यकोटि का ग्रन्थ है, इसमें 3158 पद्य हैं, परन्तु फिर भी यह ग्रन्थ अपूर्ण है।

सुरेन्द्रमोहन मिश्र- डॉ. सुरेन्द्रमोहन मिश्र जी का जन्म 8 अगस्त 1959 ई. में केन्द्रपडा (उडीसा) के बणहरा गाँव में हुआ। मिश्र जी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एम.ए. एवं पी.एच.डी. करने के पश्चात् 1986 ई. में संस्कृत विभाग में प्राध्यापक हो गए। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***श्रीभद्रकालीसहस्रनामस्तोत्रम्, सौभाग्यलहरी, सन्नीति-मुक्तावली*** एवं ***श्रृंगाररागारूणम्*** आदि।

डॉ. श्रीकृष्ण सेमवाल- डॉ. सेमवाल जी का जन्म 5 फरवरी 1944 ई. को ग्राम ह्यूण, जिला रुद्रप्रयाग (उत्तराखण्ड) में हुआ। इनके पिता जी का नाम श्री नाथो राम सेमवाल तथा पूजनीया माता जी का नाम दीपा सेमवाल जी है। इन्होंने सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से आचार्य तथा मेरठ विश्वविद्यालय से एम. ए. एवं साहित्य रत्न की उपाधि प्राप्त की। इन्होंने संस्कृत की सेवा हरियाणा प्रान्त से प्रारम्भ की। ये अनेक संस्कृत संस्थाओं से सम्बद्ध हैं तथा '**हरियाणा संस्कृत अकादमी**' की समिति के संस्थापक सदस्य हैं। सेमवाल जी ने अनेक ग्रन्थ लिखकर शारदा की सेवा की है। इन्होंने निम्निलिखित ग्रन्थ लिखे हैं- ***इन्दिराकीर्त्तिशतकम्, प्रियदर्शिनीयम्, वाग्वैभवम्, हिमाद्रिपुत्राभिनन्दनम्, संघेशक्तिः कलौ युगे, भक्तिरसामृत*** तथा ***शक्तिसौरभम्*** आदि।

प्रो. देवव्रत सेन शर्मा- इनका जन्म 1929 ई. को ग्राम दुर्गापुर, जिला चिट्टगोंग (सम्प्रति बंगला देश) में हुआ। इनके पिता जी का नाम देवेन्द्र नाथ सेन शर्मा तथा माता जी का नाम श्रीमती लक्ष्मीप्रिया देवी था। इनकी शिक्षा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से हुई। प्रो. सेन शर्मा 1959 ई में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रवक्ता के पद अधिष्ठित हुए। ये शैव दर्शन के प्रकाण्ड विद्वान् थे। इनके निम्नलिखित ग्रन्थ हैं-***षट्त्रिंशत् तत्त्वसन्दोह*** (सम्पादन एवं अग्रेंजी अनुवाद), ***Philosophy of Sadhana, Aspects of Tantrayoga*** and etc.

डॉ. धर्मचन्द जैन – जैन जी का जन्म 1940 ई. को सागर (म.प्र.) में श्री दरयाव लाल जैन एवं श्रीमती हीरा बाई के घर हुआ। इनकी शिक्षा सागर, इन्दौर, वाराणसी शहरों में हुई। ये 1972 ई. में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रवक्ता के रूप में हरियाणा में आए। जैन जी 2000 ई. में प्रोफेसर के पद से सेवामुक्त हुए। इन्होंने निम्नलिखित ग्रन्थ लिखकर सरस्वती की सेवा की- ***अधिधर्मदेशना, जैन दर्शन में नय की अवधारणा, बौद्ध पारिभाषिक शब्दकोश तथा आदितीर्थंकर ऋषभदेव*** (जीवनवृत्त, स्वरूप एवं शिव के साथ तादात्म्य)।

1.2.2 रोहतक मण्ड़ल की सारस्वत पृष्ठभूमि-

रामभज शास्त्री- इनक जन्म 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ में रोहतक मण्ड़ल में हुआ था। इन्होंने जुलाना में अध्यापन का कार्य संस्कृत विद्यालय जुलाना में किया। इनकी एकमात्र रचना ***काव्यकुसुमाञ्जलि*** है।

जयराम शास्त्री- इनका जन्म 20वीं शताब्दी के द्वितीय दशक में गद्दी खेडी, जिला रोहतक में हुआ। ये प्रगतिशील विचारधारा के उदारवादी लेखक थे। इनके दो ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं- ***जवाहरवसन्तसाम्राज्यं तथा गान्धिकल्पेन्दुः।***

डॉ. सुदर्शन देव आचार्य- इनका जन्म 8 फरवरी 1935 को गाँव बालन्द, जिला रोहतक में हुआ। इनके पिता जी का नाम शिवदत्त आर्य तथा माता जी का नाम श्रीमती रजकां देवी था। इनकी शिक्षा स्वामी ओमानन्द सरस्वती के संरक्षण में गुरुकुल झज्जर में हुई। इन्होंने विशाल वाङ्मय संस्कृतजगत् को दिया है। इनके निम्नलिखित ग्रन्थ हैं- ***दयानन्द यजुर्वेदभाष्यभास्कर, वेदभाष्यविबोध, आर्याभिविनय, शिक्षावेदांग के सिद्धान्त एवं परम्परा, वर्णोच्चारणशिक्षा*** आदि।

डॉ. रामभक्त लांगायन- डॉ. रामभक्त लागांयन जी का जन्म 15 अगस्त 1946 ई. को रोहतक जिले के सुडाना गाँव में हुआ। इन्होंने विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोधसंस्थान से एम.ए. (संस्कृत), कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इनके द्वारा रचित निम्नलिखित ग्रन्थ हैं- ***वैदिक साहित्य में यज्ञ का स्वरूप, गायत्रीरहस्य, अमृतवचनावली*** *तथा* ***गद्यसौरभ।*** इसके अतिरिक्त ***'सन्त रविदास तथा अम्बेडकर एक परिचय'*** भी इनका ग्रन्थ है।

डॉ. बलदेव मेहरा- मेहरा जी का जन्म 15 अगस्त 1952 को गाँव सिंहपुरा सुन्दरपुर, जिला रोहतक में हुआ। इनके पिता जी का नाम श्री बदलू राम था। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा गुरुकुल सिंहपुरा में हुई। इन्होंने अनेक ग्रन्थों की रचनाकर संस्कृत की सेवा की है, इनके निम्नलिखित ग्रन्थ हैं- ***वैदिक संकलन*** (भाग1, 2), ***वैदिक संग्रह एवं व्याख्या, श्रौतसूत्र व्याख्या, कात्यायनशूल्वसूत्र।*** सन् 2008 में इनका एक संस्कृत काव्य ***'अम्बेडकरदर्शनम्'*** प्रकाशित हुआ है।

हजारीलाल विद्यालंकार- हजारी लाल जी का जन्म 20 सितम्बर 1910 ई. को ग्राम घिलावड खुर्द, जिला सोनीपत में हुआ। इनके पिता जी का नाम पं. शंकरदत्त एवं माता जी का नाम श्रीयाँ देवी था। इनकी स्नातक तक की शिक्षा गुरुकुल कांगडी से हुई तथा शास्त्री की उपाधि पंजाब विश्वविद्यालय से तथा साहित्याचार्य की उपाधि अयोध्या से प्राप्त की। ये ज्यौतिष एवं आयुर्वेद के प्रख्यात विद्वान् थे। श्री हजारी लाल जी ने नाट्य, काव्य एवं स्तोत्र शैली में काव्य की रचना की है। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***परशुरामविजयवैजयन्ती, हकीकतरायनाटकम्, सगुणब्रह्मस्तुतिशतकम्,शिवप्रतापविरुदावली,इन्दिराविजयप्रशस्तिशतकम्,षड्दर्शनसिद्धान्तप्रक्रिया अद्वैतवादश्च*** आदि। इसके अतिरिक्त ***देवी शतकम्*** एवं ***देवेन्द्रप्रतापविरुदावली, काव्यप्रकाशतत्त्वसुधा*** पाण्डुलिपि के रूप में उपलब्ध है।

चन्द्रभानु शास्त्री- चन्द्रभानु जी का जन्म सन् 1922 ई. में छिछडाना, जिला सोनीपत तुलसी राम के घर हुआ। इनकी माता जी का नाम श्रीदेवी था। इनके पिता शास्त्री एवं साहित्याचार्य थे तथा उन्होंने जीन्द, भिवानी आदि संस्कृत विद्यालयों में पढ़ाया। इनकी एकमात्र कृति से ही संस्कृत की सेवा की है– ***गांगेयमहाकाव्यम्।*** इस ग्रन्थ का हिन्दी अनुवाद इनके सुपुत्र सोमदत्त एवं विष्णुदत्त ने किया है तथा प्रस्तावना शिवदत्त शास्त्री ने लिखी है।

डॉ. अभिमन्यु- इनका जन्म 1939 ई. में गाँव कासण्डा, जिला सोनीपत में हुआ। इनके पिता जी का नाम श्री दिलीप सिंह एवं माता का नाम परमेश्वरी देवी था। इनकी आरम्भिक शिक्षा गुरुकुल भैंसवाल में हुई। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एम.ए., पी.एच.डी. तथा पंजाब विश्वविद्यालय से साहित्याचार्य, दर्शनाचार्य एवं एम. ए. हिन्दी की परीक्षा उत्तीर्ण की। इन्होंने

अनेक ग्रन्थ लिखकर सरस्वती की आराधना की है। इनके निम्नलिखित ग्रन्थ हैं- ***कालिदासस्य मेघदूतम् : एकमध्ययनम्, संस्कृतशोधनिबन्धमंजरी एवं वेदान्तविमर्श।***

प्रो. वीरेन्द्र कुमार अलंकार- अलंकार जी का जन्म 15 अक्टूबर 1962 ई. को गोहाना तहसील, जिला सोनीपत में हुआ। इनकी पूजनीया माता जी का नाम श्रीमती गार्गी एवं पिता जी का नाम श्री सुखदयाल था। ये भारतीय स्वतन्त्रता सेनानी एवं कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता थे। अलंकार जी ने गुरुकुल भैंसवाल रहते हुए कांगडी विश्वविद्यालय की विद्यालंकार की उपाधि प्राप्त की। तत्पश्चात् एम.ए. एवं एम. फिल. की दोनों परीक्षा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इन्होंने काव्यात्मक रचनाओं द्वारा शारदा की उपासना की है और वर्तमान समय में भी शारदा की उपासना में लगे हुए हैं। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***देवप्रशस्तिकाव्य, अपूर्वलोक, भारतीकाव्य, पद्मचन्द्रोदय, गर्भकन्या, चण्डीप्रभास, षोडशी, वाल्मीकिस्रग्विणी।***

विद्यानिधि शास्त्री- शास्त्री जी का जन्म 1911 ई. में लोहारी, जिला पानीपत में हुआ। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा गुरुकुल भैंसवाल में हुई थी। आचार्य जी वेद एवं व्याकरण के प्रकाण्ड विद्वान् थे। शास्त्री जी ने बालावस्था में ही यजुर्वेद एवं अष्टाध्यायी कण्ठस्थ कर ली थी। आचार्य जी ने निम्निलिखित रचनाओं के माध्यम से सरस्वती की सेवा की है- ***व्यवहारभानु, दयानन्दचन्द्रोदयम्, श्रीगान्धिचरितामृतम्, भक्तफूलसिंहचरितम्, इन्दिराकीर्तिशतकम्।***

शक्तिधर शास्त्री- शास्त्री जी जन्म 21 मार्च 1973 ई. को ग्राम गांजबड जिला पानीपत में हुआ। इनके दो स्तोत्रकाव्य उपलब्ध होते हैं- **शिवचरित एवं बृहस्पतिस्तुति।**

आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति- आचार्य जी का जन्म वि. सं 1958 (कुछ विद्वान् वि. 1963) में ग्राम भावुपुर, जिला पानीपत में श्री विजयसिंह के घर पर हुआ। इनका बचपन का नाम निहाल सिंह था। इनके पिता ने 11 वर्ष की अवस्था में इन्हें गुरुकुल कांगडी भेज दिया। आचार्य जी ने सं 1969 से 1984 तक गुरुकुल में 15 वर्ष तक गहन अध्ययन किया। आचार्य के ग्रन्थों में वैदिक साहित्य के दर्शन होते हैं, इनके निम्नलिखित ग्रन्थ हैं- ***वरुण की नौका*** (वेद में वर्णित वरुण देवतात्मक सूक्तों की मीमांसा), ***वेद का राष्ट्रीय गीत, मेरा धर्म, वेदोद्यान के चुने हुए फूल,***

प्राचीन भारत में प्रतिरक्षाव्यवस्था, वैदिकव्यवस्था, समाज का कायाकल्प, वैदिकराजनीति में राज्य की भूमिका आदि।

डॉ. गंगा राम गर्ग- डॉ. गर्ग का जन्म 12 अप्रैल 1924 को ग्राम कोहण्ड, जिला पानीपत में हुआ। इनके पिता जी का नाम लाला मुंशीराम था। पंजाब विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. करके ये गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्रवक्ता हो गए। इनकी भारतीय भाषाओं एवं आचार्यों में विशेष निष्ठा थी। इन्होंने निम्नलिखित ग्रन्थ लिखे- ***Encyclopadia of Indian literture.*** Etc.

विष्णुमित्र विद्यामार्तण्ड- विद्यामार्तण्ड जी का जन्म 1913 ई. में बुवाना लाखू, जिला करनाल में एक किसान परिवार में हुआ। आचार्य जी की प्रारम्भिक शिक्षा गुरुकुल भैंसवाल कलाँ, गोहाना से हुई। गुरुकुल में रहकर ही इन्होंने वैदिक साहित्य एवं दर्शनों का गहन अध्ययन किया। सन् 1976 ई. में गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय ने इनको सर्वोच्च मानद् उपाधि 'विद्यामार्तण्ड' से अलंकृत किया। आचार्य जी ने गद्यशैली से सरस्वती की उपासना की है- ***स्वामिदयानन्दचरितम्, नेहरुचरितम्, इन्दिरागान्धीचरितम्, संक्षिप्तरामायणम्, संक्षिप्तमहाभारतम्, कांग्रेसस्य ऐतिह्यम्*** आदि।

डॉ. जिया लाल कम्बोज- इनका जन्म 1937 ई को गाँव साँतडी, जिला करनाल में हुआ। इनकी शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से हुई और 1997 ई. में हिन्दु महाविद्यालय, दिल्ली से सेवानिवृत्त हुए। इन्होंने ***ऋग्वेद के चार मण्डलों पर भाष्य*** लिखा है।

डॉ. वेदप्रकाश वेदालंकार- वेदालंकार जी का जन्म 6 जनवरी 1941 ई. में गुमथला, जिला करनाल में हुआ। आपकी शिक्षा गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय हरिद्वार में हुई। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***उपनिषद् दर्पण, आदिकवि वाल्मीकि, संस्कृतनिबन्धाञ्जलिः।***

जगदेव सिंह सिद्धान्ती- इनका जन्म सन् 1900 ई में ग्राम बडहाणा, झज्जर में चौधरी प्रीत राम के घर पर हुआ। इन्होंने 1917 से 1921 तक सेना में रहे। इन्होने पंजाब विश्वविद्यालय से शास्त्री की उपाधि प्राप्त करके लाहौर से सिद्धान्तभूषण की परीक्षा उत्तीर्ण की। वेदविद्या के

प्रचार – प्रसार के लिए इन्होंने अनेक ग्रन्थ लिखे- ***हम संस्कृत क्यों पढे, संस्कृत वाङ्मय का संक्षिप्त परिचय, वैदिक धर्म परिचय*** आदि।

मुनिदेवराज विद्यावाचस्पति- देवराज जी का जन्म 21 जुलाई 1893 ई. को गाँव गाजीवाला, जिला नजीबाबाद (उ. प्र.) में श्री ज्वाला प्रसाद जी के घर हुआ था। विद्यावाचस्पति जी ने 1916 ई. में गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय से विद्यावाचस्पति स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इन्होंने गुरुकुल झज्जर से अध्यापन का कार्य प्रारम्भ किया और आजीवन ये यहीं पर रहे। मुनि जी ने निम्नलिखित रचनाओं के माध्यम से संस्कृत की सेवा की है- ***अग्निहोत्र, वैदिक भारत में यज्ञ और उसका आध्यात्मिक स्वरूप, वैदिक सन्ध्या।*** मुनि जी ने अपनी आत्मकथा ***'माया का खेल'*** भी लिखी है।

1.2.3 हिसार मण्डल की सारस्वत पृष्ठभूमि-

स्वामी हीरादास– स्वामी जी का जन्म 19 वीं शताब्दी में हुआ। ये स्वामी रामरत्न के शिष्य थे। स्वामी जी ने ***'दादूरामोदय'*** नामक की रचना की। इस महाकाव्य में 24 विश्राम/सर्ग हैं। इसके अधिकांश पद्यों में अनुष्टुप् छन्द का प्रयोग हुआ है।

पं शिवनारायण शास्त्री– पण्डित जी का जन्म 1885 ई. में गतौली, जीन्द में पं. अमीलाल के घर हुआ। इनके पिता तथा माता शारदा देवी ने शिक्षा प्राप्त करने के लिए इन्हे काशी भेज दिया। ये न्यायशास्त्र के विख्यात विद्वान् थे। इन्होंने न्यायसिद्धान्तमुक्तावली की सरल एवं विस्तृत व्याख्या लिखी है। इन्होंने सांख्यतत्त्वप्रबोधिनी पर भी ***सारबोधिनी टीका*** लिखी।

श्री हरिपुष्पाचार्य- आचार्य जी का जन्म 10 जुलाई 1908 को गतौली जिला जीन्द में हुआ। इनके पिता जी का नाम श्री रूपचन्द एवं माता का नाम सुशीला देवी था। ये न्याय, व्याकरण के प्रकाण्ड विद्वान् थे। इन्होंने निम्नलिखित ग्रन्थ लिखकर सरस्वती की आराधना की है- ***न्यायप्रकाश*** (न्यायमुक्तावली पर टीका), ***काव्यप्रकाशलतिका, वेदनिरुक्तलतिका, साहित्यदर्पणलतिका एवं नैषधचरित पर टीका।***

छज्जूराम विद्यासागर- विद्यासागर जी का जन्म सन् 1894 में रिटोली गाँव, जिला जीन्द में पिता पं. मोक्षराज के घर हुआ। पण्डित जी की आरम्भिक शिक्षा चाचा पं. शिवदत्त व बडे भाई

मूलचन्द के सान्निध्य में हुई। पण्डित जी ने निम्नलिखित रचनाओं द्वारा संस्कृत की सेवा की है- *सुलतानचरितम्, परशुरामदिग्विजय, दुर्गाभ्युदय, छज्जुरामायणम्।*

शिवराम ज्यौतिषी- पण्डित जी का जन्म 1911 ई में गाँव बेरला, तहसील दादरी (भिवानी) में हुआ। इनके पिता का नाम शिवदत्त तथा माता का नाम धापाँ देवी था। इनका अध्ययन अनेक नगरों में हुआ। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ है- ***हरियाणावैभवम्, गान्धिचरितम् तथा नेहरुवंशमहाकाव्यम्।***

सन्तनिश्चलदास- इनका जन्म संवत् 1760 ई में ग्राम धनाना जिला भिवानी में एक किसान परिवार में हुआ। इन्होंने वेदान्तविषयक तीन ग्रन्थों की रचना की है ये ग्रन्थ हैं- ***विचारसागर, वृत्तिप्रभाकर एवं युक्तिप्रकाश।***

रमेशचन्द्र शालिहास- इनका जन्म 25 जुलाई 1925 ई को सिरसा में हुआ। ये हिन्दी एवं संस्कृत के कवि थे। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***श्यामगीतांजली, श्याममहिम्नः स्तवः, सत्यसप्तकं, भडलीपुराण, मरुद्दूतम्, सन्तस्वरागार*** आदि। ***सन्तस्वरागार*** में कबीर, सूरदास एवं मीरा आदि के पद्यों का संस्कृतानुवाद है।

मुनि लक्ष्मीनिवास– जैन मुनि लक्ष्मीनिवास का जन्मस्थान सिरसा में हुआ इनका समय 15-17 वीं शताब्दी में हुआ। इन्होंने कालिदास के मेघदूत के अतिरिक्त घटककर्पर काव्य पर ***शिष्यहितैणी,*** मेघाभ्युदय पर ***मुक्ताबोधिनी*** एवं मानककविप्रणीत वृन्दावन काव्य पर भी विद्वत्तायुक्त टीका लिखी है।

वनमालिदास– इनका जन्म सन् 1917 में बाँस गाँव, जिला हिसार में तुलाराम के घर हुआ। इनकी माता जी का नाम जंजीरी देवी था। इनके जन्म से पहले ही इनके पिता का देहावसान हो गया था। इसलिए माता की देख रेख में लालन-पालन हुआ। ये अद्वितीय प्रतिभा सम्पन्न कवि थे। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***श्रीकृष्णानन्दमहाकाव्यम्, श्रीहरिप्रेष्ठमहाकाव्यम्, श्रीवनमालिप्रार्थनाशतकम्, श्रीभक्तनाममालिका*** आदि।

जगदीश चन्द्र शास्त्री- शास्त्री जी का नाम 1925 ई में नाढौडी, जिला फतेहाबाद में हुआ।इनके निम्नलिखित रचनाएं हैं- ***श्रीपरशुरामचरितम्*** एवं ***गुरुगाथा।***

1.2.4 गुडगाँव मण्ड़ल की सारस्वत पृष्ठभूमि-

ब्रह्मदत्त वाग्मी- वाग्मी जी का जन्म 19 दिसम्बर 1916 ई. में घामडौज, जिला गुडगाँव में हुआ। इनके पिता का नाम श्री खुशहाल चन्द्र तथा माता का नाम रामकौर देवी था। इनकी आरम्भिक शिक्षा सीकरी, बल्लभगढ में हुई। इन्होंने लेखन द्वारा संस्कृत की आराधना की है, इनकी निम्नलिखित कृतियाँ हैं- ***पार्थचरितम्, अद्भुतपञ्चताकाव्य, शुकशोकान्तः, स्तवराजः, समष्टिसिद्धान्त।***

लक्ष्मण सिंह अग्रवाल- अग्रवाल जी का जन्म गुडगाँव के सेतली ग्राम में हुआ। ये बचपन में ही अन्धे हो गये थे, अपनी कमी को दूर करते हुए अग्रवाल जी ने प्रतिभा को उजागर किया। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***भवन्ति भाविनो भव्याः, कुटुम्बिनी, अभिनववीणा, श्रीरामरसायनम्, कालरात्रिः, राष्ट्रदर्पण*** एवं ***ऋतम्भरा।***

डॉ. सुधीर कुमार गुप्त- डॉ. गुप्त जी का जन्म जिला गुडगाँव के अटाली ग्राम 1 मई 1917 ई. में हुआ। इन्होंने शास्त्री पंजाब विश्वविद्यालय से तथा एम. ए. दिल्ली विश्वविद्यालय एवं पी.एच.डी. राजस्थान विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त की। ये वेद के विख्यात विद्वान् थे। इनकी निम्नलिखित कृतियाँ हैं- ***वेदलावण्यम्, वेदभारती, रावणभाष्यम्*** (सूर्यपण्डित की टीका के साथ सम्पादित व हिन्दी अनुवाद), ***वेदभाष्यपद्धति को दयानन्द सरस्वती की देन*** आदि।

वैद्य शंकरलाल शर्मा- शर्मा जी का जन्म जिला महेन्द्रगढ़ में धौलेड़ा ग्राम में सन् 1918 को हुआ। इनकी दो रचनाएँ उपलब्ध हुई हैं- ***ऋतुविहार*** (खण्डकाव्य) एवं ***शशिप्रभा*** (उपन्यास) ।

आचार्य विरजानन्द दैवकरणि- आचार्य जी का जन्म गाँव भगड्याण, जिला महेन्द्रगढ़ में 2 दिसम्बर 1945 ई. में श्री देवकरण के घर हुआ। इनकी शिक्षा स्वामी ओमानन्द सरस्वती के संरक्षण में गुरुकुल झज्जर में हुई। ये खरोष्ठी एवं ब्राह्मी के अच्छी तरह पढ़ सकते थे। इनकी निम्नलिखित रचनाएँ हैं- ***महर्षि दयानन्द और उनके सिद्धान्त, महाभारत युद्ध, भारतीय इतिहास के स्रोत, कुतुबमीनार –एक रहस्योद्घाटन*** आदि।

कैप्टन रामभगत् शर्मा- इनका जन्म 15 जून 1932 ई. को खुडाना ग्राम जिला महेन्द्रगढ़ में हुआ। ये 13 वर्ष की आयु में घर छोडकर काशी चले गए। वहाँ पर इन्होंने शास्त्री की उपाधि

ग्रहण की। इन्होंने चार महाकाव्य एवं एक गीतिकाव्य से शारदा की सेवा की है। इनकी निम्नलिखित कृतियाँ हैं- ***श्रीजयरामदासचरितम्, पूनाहोर्सविजयम्, रामाभिरामीयम्, महाभारतभारती*** एवं ***वाग्देवीमहिमा।***

हंसराज नागर- नागर जी का जन्म 5 अप्रैल 1939 ई. में फरीदाबाद के तिगाँव ग्राम में हुआ। इन्होंने संस्कृत अध्यापक रूप में सेवाकार्य करते हुए 8 रचनाओं की रचना की। ये ग्रन्थ निम्नलिखित हैं- ***गुरुप्रशस्ति, सरस्वतीवन्दना, गायत्रीस्तुति, यज्ञमहिमा, जन्मभूमिर्मे भारतम्, हरियाणावैभवम्, गुरुविरजानन्दचरितम्*** आदि।

डॉ. ईश्वर चन्द शर्मा- शर्मा जी का जन्म गाँव सुरेहली, जिला रिवाडी में 21 अपैल 1955 ई में हुआ। ये व्याकरणशास्त्र के प्रकाण्ड विद्वान् थे। इन्होंने निम्नलिखित कृतियाँ लिखकर शारदा की सेवा की है- ***वैयाकरणसिद्धान्त कौमुदी की वैदिक प्रक्रिया का समीक्षात्मक अध्ययन, लघुसिद्धान्तकौमुदी की टीका, पाणिनीयशब्दानुशासन, चतुर्वेदभाष्य*** आदि।

इस प्रकार प्राचीन काल से ही हरियाणा प्रदेश के विद्वानों ने सरस्वती की आराधना की है और वर्तमान समय में भी निरन्तर शारदा की सेवा कर रहे है। हरियाणा प्रदेश में विद्वान् अन्य प्रान्त से आकर भी शारदा की निरन्तर सेवा कर रहे हैं।

1.4 पाण्डुलिपि का अर्थ :-

आधुनिक उन्नति का मुख्य साधन प्राचीन उपलब्धियों का समुचित उपयोग माना गया है। अत एव प्राचीन उपलब्धियों को कभी भी उपेक्षित नहीं किया जा सकता। प्राचीन उपलब्धियों के समुचित उपयोग से ही हम वर्तमान का समुचित निर्माण कर सकते हैं। यही कारण है कि संसार के समस्त उन्नत और विकासशील देश, चाहे वे किसी भी विचारधारा अथवा सिद्धान्त के अनुगामी हों, प्राचीन राष्ट्रीय धरोहर को विशेष महत्त्व देते हुए उससे पूर्णरुप से लाभान्वित होते हैं।

देश-विदेश के मनीषियों ने अपने ज्ञान-विज्ञान को भावी पीढियों के लिए उपयोग करने हेतु मुख्यतः पाण्डुलिपियों में सुरक्षित किया है, जिसके परिणाम स्वरूप देश-विदेश में भारी संख्या में पाण्डुलिपियों के भण्डार प्राप्त होते हैं।

पाण्डुलिपि को अंग्रेजी भाषा में **"मैन्युस्क्रिप्ट"** कहते हैं जो लेटिन भाषा के **"मेनू"** शब्द से बना है।[22] पाण्डुलिपि का मूल अर्थ है- लेख आदि का पहला रूप। तथापि हर प्रकार की हस्तलिखित सामग्री को पाण्डुलिपि कहा जाता है।

"मैन्यूस्क्रिप्ट" को हस्तलेख नाम भी दिया जाता है। **"रूढ़ अर्थ में पाण्डुलिपि का उपयोग हाथ की लिखी पुस्तक के उस रूप को दिया जाने लगा है जो प्रेस में मुद्रित होने के लिए देने की दृष्टि से अन्तिम रूप से तैयार हो"।**[23]

संस्कृत साधना की ज्ञानगंगा में हरियाणा प्रदेश के गुरुकुलों, शोधकेन्द्रों एवं महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में शोधकार्य अपनी अबाध गति को प्राप्त करते हुए निरन्तर अग्रसर है। इन विद्यास्थानों में पाण्डुलिपियाँ/ हस्तलिखित ग्रन्थ, शोधप्रबन्ध, लघुशोधप्रबन्ध के संरक्षण का कार्य निर्बाध गति से किया जा रहा है। संस्कृत ज्ञानपरम्परा का प्रमुख स्रोत पाण्डुलिपियों को माना जाता है। इनका संरक्षण एवं संवर्धन करना हमारा मौलिक कर्त्तव्य है। प्रस्तुत शोधप्रबन्ध का केन्द्रबिन्दु पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण करना है।

---

[22] . *हमारे अतीत (क-6), पृ-4*

[23] . *भारतीय साहित्य, पृ-120*

द्वितीय अध्याय

2.1 वेद का अर्थ एवं परिचय-

भारतीय संस्कृति और सभ्यता संसार की संस्कृतियों में अपना विशिष्ट स्थान रखती है तथा यह संस्कृति वर्तमान समय में भी अपनी मौलिकता बनाए हुई है। अतः भारतीय संस्कृति का वैदिक साहित्य है। वैदिक साहित्य वह ज्योतिस्तम्भ है, जिसके प्रकाश से हम अपने गौरवमय अतीत की झाँकी देख सकते हैं। महर्षि मनु ने मनुस्मृति में 'वेद को सभी धर्म के मूल के रूप में स्वीकार किया है'।[24] मनुष्य के जीवन का कोई भी पक्ष नहीं है, जिसके दर्शन हमें वेद में न होता हो, त्रिविध लोक, चतुर्विध वर्ण, आश्रम तथा वर्तमान, भूत, भविष्यत् का ज्ञान वेदों के द्वारा ही सम्भव है-

"चातुर्वर्ण्यत्रयो लोकाश्चत्वारश्चाश्रमाः पृथक्।

भूतं भव्यं भविष्यं च सर्वं वेदात् प्रसिद्धयति"॥[25]

आचार्य बलदेव उपाध्याय वेदों का महत्त्व बतलाते हुए कहते है कि **"वेदों से भारतीयों का जीवन ओतप्रोत है। हमारी उपासना के भाजन देवगण, हमारे संस्कारों की दशा बतलाने वाली पद्धति तथा हमारे मस्तिष्क को प्रेरित करने वाली विचारधारा इन सबका उद्भव स्थान वेद है तथा श्रुतियों एवं वेद की सहायता से ही भारतीय दर्शन के विविध विकास को हम भली-भाँति समझ सकते हैं। उपनिषदों में समग्र आस्तिक और नास्तिक दर्शनों के तत्त्वों की बीजरूप से उपलब्धि होती है"।[26]** अतः भारतीय दर्शन के आविर्भाव एवं विकास को जानने के लिए एकमात्र महत्त्वपूर्ण स्रोत वेद ही है।

---

[24] . *मनुस्मृति*, वेदोऽखिलं धर्ममूलम् 2/6

[25] . *मनुस्मृति*, 12/97

[26] . *वैदिक साहित्य एवं संस्कृति*, पृ- 8

वेद शब्द का अर्थ-

वेद शब्द का अर्थ 'विद्' धातु से निष्पन्न हुआ है। जिसका अर्थ है- ज्ञान। इसीलिए वेद को ज्ञान का अनन्त भण्ड़ार स्वीकार किया जाता है। तैत्तिरीय संहिता के अनुसार वेद का अर्थ- **वेदेन वै देवा असुराणां वित्तं वेद्यमविन्दन्त तद् वेदस्य वेदत्वम्।**[27]

अदादिगणीय 'विद् ज्ञाने' धातु से घञ् प्रत्यय के योग से निष्पन्न वेद शब्द का अर्थ है- **"वेत्ति जानाति धर्मादि-पुरुषार्थचतुष्टयोपायान् अनेन इति वेदः"**[28] अर्थात् जिसके द्वारा धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष रूप पुरुषार्थ चतुष्ट्य को प्राप्त करने वाले उपायों को जाना जाता है, उसे वेद कहते हैं- **मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्।**[29]

श्रीमद्भागवतपुराण के अनुसार-

"वेदप्रणहितो धर्मो ह्यधर्मस्तद्विपर्ययः।
वेदनारायणः साक्षात् स्वयम्भूरिति शुश्रुम्"॥[30]

अर्थात् वेदों में जिन कर्मों का विधान किया है, वे धर्म हैं और जिनका निषेध किया है, वे अधर्म हैं। वेद स्वयं भगवान् के स्वरूप हैं तथा उनके स्वाभाविक श्वास, प्रश्वास एवं स्वयंप्रकाश ज्ञान है। अरविन्द घोष के अनुसार-

ज्ञान की पवित्र पुस्तक के रूप में अन्तःस्फुरित कविता के एक विशाल संग्रह का नाम वेद है।[31]

इस प्रकार विभिन्नार्थक धातुओं से निष्पन्न वेद आधिभौतिक, आधिदैविक, आध्यात्मिक त्रिविध अर्थों के प्रतिपादक पुरुषार्थचतुष्टय के साधक समस्त ज्ञान-विज्ञान के संवाहक भारतीय ऋषि-

---

[27] . *तैत्तिरीय संहिता*, 1/4/201

[28] . *वैदिक वाङ्गमय का इतिहास*, पृ- 6

[29] . *वैदिक वाङ्गमय का इतिहास*, पृ-14

[30] . *भागवतपुराण*, 6/1/40

[31] . *वेद रहस्य*, पृ- 1

मनीषियों के प्रत्यक्ष ज्ञान के महान् आदर्श हैं। उन्होंने वेद में संसार के आध्यात्मिक चिन्तन विषयक चिरन्तन तत्त्वों को ही वेद में प्रस्तुत किया है।

अर्थात् मन्त्रों वाली मूल सहिताएँ- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद ही वेद नहीं हैं अपितु मन्त्रों वाली मूल संहिताएँ तथा उनके व्याख्यापरक सभी ग्रन्थ ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद् भी वेद है। इस प्रकार वेद ही सभी विषयों के आधार हैं। वेदों से ही लौकिक साहित्य, दर्शन, धर्मशास्त्र आदि का उद्भव एवं विकास हुआ है।

2.1.1 वेद की पाण्डुलिपियाँ-

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में कुरुक्षेत्र सर्वेक्षण के दौरान अधोलिखित पाण्डुलिपियों का संकलन एवं सर्वेक्षण किया है, जिनका वर्ण इस प्रकार है।

1. वेदस्तुति टीका पाण्डुलिपि का सामान्य विवरण-

- पाण्डुलिपि का रचयिता- चूडामणि चक्रवर्ती
- पाण्डुलिपि क्रमांक- 51429
- बन्डल संख्या- 244
- रैक संख्या- 21
- पाण्डुलिपि का रचनाकाल- संवत् 1852, पुष्पिका के आधार पर।
- पाण्डुलिपि का प्राप्ति स्थान- पा.मि., ज.ल, ने.पु., कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र।
- भाषा- संस्कृत।
- लिपि- देवनागरी।
- कुल पत्र संख्या- 26

- पाण्डुलिपि की अवस्था- इस पाण्डुलिपि के पत्रों की अवस्था अच्छी है।
- पाण्डुलिपि की लम्बाई एवं चौडाई- 32 X 16
- पृष्ठ पर रेखाओं की संख्या- एक पृष्ठ दो भागों में विभक्त है एवं प्रत्येक पृष्ठ पर 17,18,20 एवं अन्तिम पृष्ठ पर 6 रेखाएँ प्राप्त होती है।
- अक्षरों की संख्या- अक्षरों की संख्या अनिश्चित है।
- हाशिया- इस ग्रन्थ के पृष्ठों पर हाशिया दोनों तरफ दिया गया है। हाशिया के लिए काली स्याही एवं चार-चार रेखाएँ खीची गई हैं। इस ग्रन्थ में पृष्ठक्रमांक बाएँ ओर ऊपर दिया गया है।
- पाण्डुलिपि के सन्दर्भ में विशेष- इस पाण्डुलिपि के पृष्ठों को सिलवर फिश के द्वारा कहीं-कहीं से खाया गया है, जिसके कारण पृष्ठ में छेद हो गए हैं। इसमें ग्रन्थकार ने हाशिया में भी लिखा है तथा गलत अक्षर को मिटाने के लिए पीली स्याही का प्रयोग किया गया है। इस पाण्डुलिपि के किनारे पर भी ग्रन्थकार ने लिखा है।
- पाण्डुलिपि का मंगलाचरण-

॥ श्रीगणेशाय नमः॥

सच्चिदानंदरूपाय कृष्णायाक्लिष्टकारणे। नमो वेदान्तवेद्याय गुरवे बुद्धिसाक्षिणे॥१॥ अथ वेदस्तुति व्याख्या श्रीधरपूज्यपादैर्याकृतासैव तदनुकूलाधिकपदकदेव संवर्द्धिता व्यक्तार्था यथा स्यात्तथा स्वीयानां सुखबोधाय मयात्र लिख्यते॥ तथा च श्रीमच्छंकरपूज्यपादकृतभाष्यानुमतेन श्रुतीनां व्याख्या क्रीयते ज्ञातव्यम्॥ तत्रायं क्रमो ज्ञेयः॥ प्रथमाभासः १. ततः श्लोकः २. तस्य अन्वयोः ३. अर्थश्च ततः पूर्णाशक्तिः ४. तदर्थश्च ५. ततः सिद्धान्तः इति। श्रीस्वामीचरणानां पूर्वाध्यायान्ते॥ एवं स्वभक्तयोः राजन् भगवान् भक्तभक्तिमान्॥

- पाण्डुलिपि की पुष्पिका-

अथ स्वामिश्रीचरणानां॥ सर्वशक्तिशिरोरत्ननीराजितपदां बुजम्।। भोगयोगप्रदं वंदे माधवं कर्मिनस्त्रयोः॥ माधवं श्रीकृष्णमहं वंदे कथं भूतः सर्वशक्तिशिरोरत्नैः नीराजितं निर्मेश्च नीकृतं पदां बुजं यस्य तम्॥ यु नश्वा कर्मिनस्त्रयोर्भोगयोगप्रदं कर्मिणां भोगप्रदम्।। नम्राणां भक्तानां भक्तियोगप्रदम्।। यद्वा नम्राणां तन्नमस्कारानाम्।। गीतासु मानं नमस्कुरु योगक्षेमप्रदमित्यर्थः॥ ५९॥ वृदारण्ये निकुञ्जस्थः कविचूडामणिः द्विजः॥ शक्तिस्तुतिशक्तिव्याख्यामकरोत् सर्वं समताम्॥ १॥ ननु श्रीभागवतस्य शक्तेश्च दुर्विज्ञेयमर्थं कथं ज्ञातवान् सत्यं श्रीमहच्चरणारविंदसंदर्शितमार्गेण इत्याह॥ हरिणाश्रीधराख्येन रचितां भावदीपिकाम्॥ गृन्हन् भक्त्या जडोप्पेति परमार्थं नमत्सरी॥ २॥अन्यच्च॥ यथोपदिष्टं गुरुणा बुद्धौ श्रीनन्दसूनुना॥ तथैव कृतवान् तस्मिन् दोषान् अवगुणाः॥ ३॥ इति श्री कविचूडामणिचक्रवर्ती विरचितायामन्वयबोधिन्यां टीकायां सप्ताशीतितमोऽध्यायः॥ खाष्टवाणनिशानाथमते शाकेशक्तिस्तुते॥ पूर्णतामनयव्याख्यां चूडामणिकविः सुधिः॥ ४॥संवत् १८५२मिति वैशुदि १३भृगुवारे। पूर्वलिप्यनुसारेण लिखितं निश्चितं तथा।कृष्णदासस्य दासेन कृष्णं यदा सेविना॥ ५॥

वेदस्तुति टीका पाण्डुलिपि का चित्र



2. पितृसंहिता पाण्डुलिपि का सामान्य विवरण-

- पाण्डुलिपि प्राप्ति स्थान- पाण्डुलिपि मिशन, जवाहर लाल नेहरु पुस्तकालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र।
- पाण्डुलिपि का रचयिता- अज्ञात।
- पाण्डुलिपि क्रमांक- 52649
- बन्ड़ल संख्या- अप्राप्त
- रैक संख्या- अप्राप्त
- पत्र सामग्री- कागज, काली एवं लाल स्याही।
- पाण्डुलिपि का रचनाकाल- निर्धारित नहीं किया जा सकता।
- भाषा- संस्कृत।
- लिपि- देवनागरी।
- पत्र संख्या- 05
- पाण्डुलिपि की अवस्था- इस पाण्डुलिपि के पत्र अच्छी स्थिति में हैं।
- पत्र की लम्बाई एवं चौडाई- अप्राप्त।
- पत्र पर रेखाओं की संख्या- एक पृष्ठ दो भागों में विभक्त है एवं प्रत्येक पृष्ठ पर 7 एवं अन्तिम पृष्ठ पर 3 रेखाएँ प्राप्त होती है।
- अक्षरों की संख्या- सामान्यतः अनिश्चित है।
- हाशिया-इस ग्रन्थ के किसी पृष्ठ पर हाशिया नहीं दिया है। पृष्ठ के बाएँ एवं दाएँ दोनों ओर ऊपर एवं नीचे पृष्ठक्रमांक दिया गया है।

- पाण्डुलिपि के सन्दर्भ में विशेष- इस पाण्डुलिपि में पूर्णविराम, उदात्त-अनुदात्त-स्वरित के लिए लाल स्याही का प्रयोग किया गया है। इसमें छूटे हुए अक्षर के लिए '^' चिह्न का प्रयोग किया गया है। इस पाण्डुलिपि का एक पृष्ठ बीच में से फटा हुआ है जिसको टेप लगाकर चिपकाया गया है।

- पाण्डुलिपि का मंगलाचरण-

  ॥ओम् स्वस्ति श्रीगणेशाय नमः॥

  अग्नये कव्यवाहनाय स्वाहा सोमाय पितृमत्ते स्वाहा॥अपहत्ताऽसुरारक्षां सिद्येदिषदः॥१॥ ये रूपाणि घ्रतिमुश्चमानाऽसुराः सन्तः स्वधया चरन्ति॥ परापुरो निपुरो ये भरन्त्यग्निष्टाँल्लोकात्प्रणुदात्त्यस्मात्॥२॥ अत्र पित्तरः॥ अत्र पितरोमाद् यद्वं यथा भागमावृषायह्वम्॥ अमीमदन्तपितरो यथा भागमावृषा विषत॥३॥ नमोवः॥नमोवः पितरो रसाय नमोवः पितरः शेषाय नमोवः पितरो जीवाय नमोवः पितरः स्वधायै नमोवः पितरो धोराय नमोवः पितरो मन्यवे नमोवः पितरः पितरो नमोवो गृहान्नः पितरो दत्त सतोवः पितरो द्वेष्म्मैतद्वः पितरो वासऽआधत्त॥४॥

- पाण्डुलिपि की पुष्पिका-

  इदं पितृभ्यो नमो अस्त्वद्यये पूर्वासोय उपरास ईयुः॥ ये पार्थिवे रजस्यानिषत्ताये वा नूनं सुवृजनासु दिक्षु॥४८॥ अधायथानः पितरः परासः प्रयत्नासोऽग्नऽऋतमा श्रुषाणः॥ श्रुचीदयं दीधितिमुक्थशासः क्षामाभिंद्रन्तोऽरुणीरणव्रन्॥४९॥ उशन्तस्त्वा॥निधीमह्युशंत्रः समि धी महि उशन्नुशत्तऽऽवह पितृन् विषेऽअत्तवे॥५०॥ इति पितृसंहिता समाप्ता शुभं भूयात्॥

पितृसंहिता पाण्डुलिपि का चित्र



3. धनुर्विद्या पाण्डुलिपि का सामान्य विवरण-

- पाण्डुलिपि प्राप्ति स्थान- पाण्डुलिपि मिशन, जवाहर लाल नेहरु पुस्तकालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र।
- पाण्डुलिपि का रचयिता- अज्ञात।
- पाण्डुलिपि क्रमांक- 50413
- बन्डल संख्या- 143
- रैक संख्या- 14
- पत्र सामग्री- कागज, काली स्याही।
- पाण्डुलिपि का रचनाकाल - निर्धारित नहीं किया जा सकता।
- भाषा- संस्कृत।
- लिपि- देवनागरी।
- पत्र संख्या- 06

- पाण्डुलिपि की अवस्था- इस पाण्डुलिपि के पत्र अच्छी स्थिति में हैं।
- पत्र की लम्बाई एवं चौडाई- 30.6 X 14.6
- पत्र पर रेखाओं की संख्या- एक पृष्ठ दो भागों में विभक्त है एवं प्रत्येक पृष्ठ पर 15 एवं अन्तिम पृष्ठ पर 06 रेखाएँ प्राप्त होती है।
- अक्षरों की संख्या- सामान्यतः अनिश्चित है।
- हाशिया- पृष्ठ के हाशिए में बाएँ एवं दाएँ दोनों ओर ऊपर एवं नीचे पृष्ठक्रमांक दिया गया है। हाशिये के लिए काली स्याही का प्रयोग किया गया है एवं हाशिए में चार रेखाएँ दोनों ओर खींची गई है।
